an>

Title: Regarding publishing the caste census.

श्री जय प्रकाश नारायण यादव (बाँका) : अध्यक्ष जी, जातीय जनगणना की रिपोर्ट को प्रकाशित नहीं किया जा रहा है, किस जाति की क्या आर्थिक स्थिति और शैक्षणिक स्थिति है इसके लिए बार-बार सदन में आग्रह किया गया है लेकिन अभी तक रिपोर्ट को प्रकाशित नहीं किया गया है, कौन भीख मांगने वाला है, कौन कच्चे मकान में रहते हैं, फ़ोर्थ ग्रेड की नौकरी कौन करता है, दिहाड़ी मजदूरी कौन करता है, कौन शोषण का शिकार हो रहा है, उनकी संख्या क्या है। यहां गृह राज्य मंत्री जी बैठे हुए हैं, जातीय जनगणना की रिपोर्ट को प्रकाशित किया जाए, इसमें विलंब न किया जाए, इसमें आनाकानी न किया जाए।

माननीय अध्यक्ष : श्री राजीव सातव को श्री जय प्रकाश नारायण यादव द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।